People Peace Foundation

Seva Parmo Dharma



# Our Mission

At People Peace Foundation, we believe that every animal deserves a safe, healthy, and dignified life. Our mission is to:

- ✓ Rescue and rehabilitate injured and abandoned animals.
- ✓ Provide medical treatment and emergency care for suffering animals.
- ✓ Offer food and shelter to homeless animals.
- ✓ Promote adoption and foster care to give animals a loving home.
- ✓ Spread awareness about animal rights and welfare.
- ✓ Work against animal cruelty and illegal animal trade.

## ABOUT US

# A VOICE FOR THE VOICELESS

Founded in 2014, People Peace Foundation is a dedicated animal welfare NGO that has been tirelessly working to rescue, protect, and care for stray, injured, and abandoned animals. Over the past decade, the foundation has successfully helped more than 1,00,000 animals, providing them with medical treatment, food, shelter, and rehabilitation.

RAPID RELIEF WHEN IT MATTERS MOST

# WOMEN'S WELFARE

Our Emergency Social Welfare initiatives focus on delivering immediate aid and support to individuals...

♥ PROTECTING NATURE, PRESERVING OUR FUTURE

## ENVIRONMENTAL WELFARE

Our Environmental Welfare initiatives are dedicated to safeguarding nature, restoring ecosystems, ..

♥ COMMITTED TO SERVING HUMANITY WITH HEART

# DEDICATION WELFARE

Our Dedication Welfare initiatives reflect our promise to stand by communities and causes...

❤EMPOWERING LIVES THROUGH LEARNING

# EDUCATION WELFARE

Education is the key to breaking the cycle of poverty and opening doors to opportunity.

BUILDING STRONGER, INCLUSIVE COMMUNITIES

# SOCIAL WELFARE

Our Social Welfare initiatives are driven by the belief that every individual deserves dignity, equality, and a fair chance at life.

RAPID RELIEF WHEN IT MATTERS MOST

# EMERGENCY SOCIAL WELFARE

Our Emergency Social Welfare initiatives focus on delivering immediate aid and support to individuals...

🧡ENSURING ACCESS TO QUALITY CARE FOR ALL

# HEALTHCARE WELFARE

Health is the foundation of a better life, yet many communities still lack access to basic medical facilities and support.

🧡GIVING VOICE TO THE VOICELESS

# ANIMAL WELFARE

Every life matters—whether it walks on two legs or four. Our Animal Welfare program is dedicated to rescuing, protecting, and caring for animals in distress.




कार्यालय
विधानसभा क्षेत्र पश्चिम




जबलपुर संभाग, जबलपुर (म.प्र.)
प्रशस्ति-पत्र





पत्रिका

फ मल्टीपल पर्सनेलिटी

# जीव दया को बनाया कर्म, मदद के लिए हर समय रहते हैं तैयार



## इंद्रपुरी निवासी अमरजीत करती हैं ममत्व भाव से पशु पक्षियों की सेवा, उपचार से लेकर उनके पालन पोषण तक में उठाती हैं पूरा खर्च

जबलपुर. वे इंसानी भाषा भले ही नहीं बोल पाते हैं, लेकिन समझते बहुत अच्छे से हैं। लेकिन एक हम हैं जो उनकी भाषा न तो समझना चाहते हैं और न ही बोलना...इसलिए हमारे और उनके बीच ये दूरी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। जबकि हर पशु पक्षी अपनी भाषा में हमसे बहुत कुछ कहते हैं। बस आवश्यकता है तो समझने की। मैं वहीं कोशिश करती हूं, ताकि वे हमारे बीच रहें और दोस्त बने रहे हैं। मैंने अपना पूरा जीवन उनकी सेवा में समर्पित कर दिया है। ये कहना है इंद्रपुरी पोलीपाथर निवासी अमरजीत कौर का। जिन्हें पशु सेवा वाली दीदी के नाम से भी जाना जाता है।



### रेस्क्यू से लेकर दवाई

अमरजीत कौर ने बताया पशु सेवा की शुरुआत घर के सामने आने वाले डॉग्स को खाना खिलाने से हुई है। जब उन्हें कोई वाहन टक्कर मार जाता या वे आपसी लड़ाई में घायल हो जाते तो उनकी दवाई कराने लगी। देखते ही देखते ये सामान्य सा काम मेरा जुनून बन गया। इसके बाद शहर में जहां भी कोई पशु पक्षी घायल देखती तो उनका रेस्क्यू कर ले आती हूं और उनके स्वस्थ होने तक सेवा करती हूं। कई बार इनकी सेवा या रेस्क्यू के दौरान लोगों का विरोध भी झेलना पड़ता है। खासकर स्ट्रीट डॉग्स को लेकर लोगों की सोच आज भी अच्छी नहीं है।

### दस साल से सक्रिय

अमरजीत ने साल 2014 में एनीमल वेलफेयर बोर्ड नाम की संस्था बनाई जिसमें उन्होंने शहर के अन्य पशु प्रेमियों को जोड़ा और अपने काम को विस्तार दिया। उनके पास 60 स्ट्रीट डॉग्स और 40 गाय बैल हैं जिनके खाने पीने से दवाओं तक का सारा खर्च स्वयं वहन करती हैं। किसी तरह की शासकीय या अन्य मदद नहीं ली जाती है।

### सेवा ने दिया नया नाम

पशु सेवा को देखते हुए लोग उन्हें पशु सेवा वाली दीदी के नाम से बुलाने लगे हैं। अमरजीत जहां भी जाती हैं उन्हें इसी नाम से संबोधित किया जाता है। उनका कहना है कि नाम क्या है इससे फर्क नहीं पड़ता, काम अच्छा होना चाहिए। पशुओं के प्रति लोगों की सोच को परिवर्तित करने के लिए जागरुकता अभियान भी चलाते हैं।

# पशुओं की रक्षा के लिए एनिमल्स लवर ग्रुप ने निकाला शांतिपूर्ण मार्च सौंपा ज्ञापन



**रिपोर्ट - अनूप चतुर्वेदी**

जबलपुर। घंटाघर स्थित स्थान पर एनिमल लवर्स संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोपा जिसमें प्रमुख रूप से पीपल पीस फाऊंडेशन की निर्देशिका अमरजीत कौर सैकड़ों एनिमल लवर्स के साथ उपस्थिति रही जिन्होंने बताया कि जिस प्रकार से सर्वोच्च न्यायालय के आदेश हुए हैं कि कुत्तों को शेल्टर में शिफ्ट करने संबंधित जिससे हम पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं हमारा मानना यह है कि आदेश न केवल पशु अधिकारों के खिलाफ है बल्कि उन नागरिकों और संगठनों की भावना के भी विपरीत है जो स्ट्रे डॉग्स के प्राकृतिक जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करना चाहते हैं कुत्तों को जबरन सीमित स्थान में रखना उनके स्वास्थ्य और जीवन के लिए हानिकारक है हम या स्पष्ट करना चाहते हैं कि जल्द से जल्द सर्वोच्च न्यायालय इस पर संज्ञान ले एवं भारत देश की सरकार भी इस विषय पर गंभीरता दिखाएं अन्यथा जबलपुर अपितु पूरे देश में एनिमल लवर्स संगठन इसके लिए आंदोलन करेगा और जरूरत पड़ने पर सड़कों पर उतरेगा जबलपुर से सभी एनिमल्स संगठन एक जुटता का परिचय देते हुए दिल्ली कूच करने की तैयारी कर रहा है ज्ञापन सौंपते समय पीपल पीस फाउंडेशन के साथ-साथ एनिमल लवर्स के विभिन्न संगठन उपस्थित रहे।

# स्ट्रीट डॉग को शेल्टर होम में भेजने से एनिमल लवर्स खफा



जबलपुर। एनिमल लवर्स संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।प्रमुख रूप से पीपल पीस फाऊंडेशन की निर्देशिका अमरजीत कौर सैकड़ो एनिमल लवर्स के साथ उपस्थिति रही। उन्होंने बताया कि कुत्तों को शेल्टर में शिफ्ट करने संबंधित जिससे हम पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं। कुत्तों को जबरन सीमित स्थान में रखना उनके स्वास्थ्य और जीवन के लिए हानिकारक है।जबलपुर से सभी एनिमल्स संगठन एक जुटता का परिचय देते हुए दिल्ली कूच करने की तैयारी कर रहा है।

के तहत की गई है। दिया है। रखी कुल 79.2 बल्क लीटर देशी मदिरा पंजीबद्ध किया।

# नागपंचमी पर वन विभाग की सख्त कार्रवाई : 17 सपेरों से 63 सांप रेस्क्यू

**जबलपुर, प्रात : किरण संवाददाता।**

नागपंचमी के अवसर पर जबलपुर में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 सपेरों के कब्जे से कुल 63 सांपों को रेस्क्यू किया। यह अभियान जबलपुर रेंजर अपूर्व प्रखर शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित हुआ, जिसमें शहर के विभिन्न इलाकों से सांप बरामद किए गए।

जिन सांपों को छुड़ाया गया, उनमें अधिकतर कोबरा और धामन प्रजाति के थे। सभी सांपों को वेटरनरी कॉलेज को सौंप दिया गया है, जहाँ उनकी जांच और देखभाल की जा रही है। सपेरे इन सांपों को गलियों और मोहल्लों में श्रद्धालुओं को नागदेवता के दर्शन के नाम पर दिखा रहे थे और पूजा करवा रहे थे।



## घट रहा है सांपों का अवैध प्रदर्शन

वन विभाग और पर्यावरण प्रेमी संगठनों द्वारा लगातार चलाए जा रहे संयुक्त अभियानों के चलते नागपंचमी जैसे पर्वों पर सांपों का **अवैध प्रदर्शन और दुर्व्यवहार पहले की तुलना में घटा है**-2023 में 150 सांपों को रेस्क्यू किया गया था। 2024 में अब तक 65 सांपों को रेस्क्यू किया गया है। इस नागपंचमी पर 63 सांप पकड़े गए। रेस्क्यू टीम में शामिल रहे समर्पित सदस्य रेस्क्यू अभियान में गुलाब सिंह (परिक्षेत्र सहायक), वन विभाग का स्टाफ, सर्पमित्र, और अन्य पर्यावरण प्रेमी कार्यकर्ता शामिल रहे। टीम ने पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया।

## सांपों को दूध पिलाना-परंपरा के नाम पर अत्याचार

रेस्क्यू के दौरान यह भी सामने आया कि सपेरे सांपों को श्रद्धा के नाम पर दूध पिला रहे थे, जो सांपों की सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सांपों को दूध देना उनके पाचन तंत्र के लिए घातक होता है और इससे उनकी मृत्यु तक हो सकती है।

## शहरभर में तैनात रही फॉरेस्ट टीम

डीएफओ के निर्देश पर विशेष टीमें शहरभर में – खासकर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर – तैनात रहीं, ताकि समय रहते सपेरों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और सांपों को सुरक्षित किया जा सके।

# सम्मान से बढ़ता है आत्म विश्वास

## एनिमल वेलफेयर ऑफ इंडिया ने 250 विद्यार्थियों का किया सम्मान

प्रदेश टुडे संवाददाता, जबलपुर। मानस भवन में 'बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड 2.0' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के 20 से अधिक विद्यालयों के कक्षा 10 वीं 11वीं और 12 वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पीपल पीस फाउंडेशन अध्यक्ष अमरजीत सदस्य - एनिमल वेलफेयर ऑफ इंडियाद्वारा किया गया तथा वी.एस.आर. विकास पांडेय एवं वासु मरावी ने संचालन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि बच्चों के सम्मान से उनमें आत्म विश्वास बढ़ता है। मुख्य अतिथियों में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी जबकि विशेष अतिथि कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक डिप्टी कमिश्नर थे। दमोधर सोनी, पूजा दावर, एव सरस्वती दुबे ने विद्यार्थियों को श्रीफल, शाल और मोमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया। सुर कोकिला सरस्वती दुबेदी ने अपनी मधुर प्रस्तुति दी। वहीं ए.पी.एन. कॉलेज की आंगली ठाकुर ने नृत्य किया, सिद्धि साहू ने मधुर गीत प्रस्तुत किया और नितेश बांकर ने सोलो गजल से समा बांध दिया। आयोजन को सफल करने में संस्था के जनरैल सिंह अमरजीत कौर शकुन्तला देवी, कृष्णकांत गीते, सचिन गोख, राहुल सक्सेना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।



# जबलपुर में बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड 2.0 का भव्य आयोजन, 250 विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

जबलपुर, यशभारत। गत दिवस संस्कारधानी जबलपुर के मानस भवन में रविवार को बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड 2.0 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के 20 से अधिक विद्यालयों के कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पीपल पीस फाउंडेशन (अध्यक्ष श्रीमती अमरजीत सदस्य - एनिमल वेलफेयर ऑफ इंडिया) द्वारा किया गया तथा विकास पांडेय और वसु मराबी ने इसका सफल संचालन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, जबलपुर सांसद श्री आशीष दुबे, केन्द्रीय विधायक श्री अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती रिंकू विज, और कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती अमरजीत कौर मंच पर उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में कलेक्टर जबलपुर, पुलिस अधीक्षक जबलपुर, डिप्टी कमिश्नर, श्री दमोधर सोनी, श्रीमती पूजा दावर, एवं श्रीमती सरस्वती दुबेदी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की



शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना था। सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को श्रीफल, शाल और मोमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को सांस्कृतिक रूप से भी सजाया गया। जबलपुर की प्रसिद्ध सुर कोकिला श्रीमती सरस्वती दुबेदी ने अपनी मधुर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। वहीं ए.पी.एन. कॉलेज की आंगली ठाकुर ने दमदार नृत्य प्रस्तुति दी। सिद्धि साहू ने मधुर गीत प्रस्तुत किया और नितेश चांकर ने सोलो ग़ज़ल से समा बांध दिया। संस्था के प्रमुख सदस्यों में जनरैल सिंह (सचिव), अमरजीत कौर (अध्यक्ष), श्रीमती शकुन्तला देवी, कृष्णकांत गीते, सचिन गोख, राहुल सक्सेना, डॉ. आनंद, यशराज खत्री, सुधीर शर्मा, छेदू सोनी, हर्षित श्रीवास्तव, अभिलाष बशेय, जुबेर शेख, आदि मिश्रा और प्रशांत यादव जैसे समर्पित सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस प्रयास की सराहना की।

# जबलपुर में 'बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड 2.0' का भव्य आयोजन, 250 विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

संस्कारधानी जबलपुर के मानस भवन में रविवार को 'बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड 2.0' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के 20 से अधिक विद्यालयों के कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती अमरजीत (अध्यक्ष) एनिमल वेलफेयर ऑफ इंडिया) द्वारा किया गया तथा विकास पांडेय और वसु मरावी ने इसका सफल संचालन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, जबलपुर सांसद श्री आशीष दुबे, केन्द्रीय विधायक श्री अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती रिंकू विज, और कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती अमरजीत कौर मंच पर उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के



रूप में कलेक्टर जबलपुर, पुलिस अधीक्षक जबलपुर, डिप्टी कमिश्नर, श्री दमोधर सोनी, श्रीमती पूजा दावर, एवं श्रीमती सरस्वती दुबेदी मौजूद रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना था। सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को श्रीफल, शाल और मोमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को सांस्कृतिक रूप से भी सजाया गया। जबलपुर की प्रसिद्ध सुर कोकिला श्रीमती सरस्वती दुबेदी ने अपनी मधुर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। यही ए.पी.एन. कॉलेज की आंगली ठाकुर ने दमदार नृत्य प्रस्तुति दी। सिद्धि साहू ने मधुर गीत प्रस्तुत किया और नितेश बांकर ने सोलो ग़ज़ल से समा बांध दिया।संस्था के प्रमुख सदस्यों में जनरैल सिंह (सचिव), अमरजीत कौर (अध्यक्ष), श्रीमती शकुन्तला देवी, कृष्णकांत गीते, सचिन गोख, राहुल सक्सेना, डॉ. आनंद, यशराज खत्री, सधीर शर्मा, छोटू सोनी [illegible], अभिलाष व [illegible] मिश्रा और प्रशा[illegible] सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस प्रयास की सराहना की।

5 / 8

# पीपल पीस फाउंडेशन द्वारा जबलपुर में 'बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड 2.0' का भव्य आयोजन

**अक्षर सम्राट ▸ जबलपुर।**

संस्कारधानी जबलपुर के मानस भवन में रविवार को 'बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड 2.0' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के 20 से अधिक विद्यालयों के कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को श्रीफल, शाल और मोमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया गया।



जबलपुर की प्रसिद्ध सुर कोकिला श्रीमती सरस्वती द्विवेदी ने अपनी मधुर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। ए.पी.एन. कॉलेज की आंगली ठाकुर ने दमदार नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आयोजन पीपल पीस फाउंडेशन द्वारा किया गया था। वीआरएस जबलपुर के विकास पांडेय और बसु मरावी ने इसका सफल संचालन किया। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सम्मान समारोह ने विद्यार्थियों को सम्मानित करने का एक शानदार अवसर प्रदान किया।